# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
08/10/2020

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**India Today , New Delhi**



RAF stands for ‘Rapid Action Force’ is a specialized force. It was raised in October 1992 with 5 more units added w.e.f January 2018. These units were instituted to handle riots and similar situations and be responsible for internal security. Today, India is celebrating the 28th anniversary of Rapid Action Force.

## Rapid Action Force significance


RAF is a zero response force which reaches to the crisis in no time, thus inducing an immediate sense of security and confidence amongst the general public.

This force also has a unique flag that signifies peace. It is also a proud receiver of the president's colour, which is the highest honour bestowed upon any Indian military unit. SH L.K. Advani, then Deputy Prime Minister Of India presented it on October 7th, 2003, for its selfless service to the nation in the 11th year of coming into existence.

RAF trained male and female contingents are deployed for UN peacekeeping missions to different countries (i.e., Haiti, Kosovo, Liberia, etc) every year.

## Dainik Jagran , New Delhi

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने RAF को दी शुभकामनाएं, 28वीं सालगिरह आज







**नई दिल्ली, एएनआइ।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल' (CRPF) की विशेष इकाई 'रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) ' की 28वीं सालगिरह पर गृहमंत्री अमित शाह और उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने मंगलवार को बधाई दिया। इस मौके पर गुरुग्राम स्थित CRPF एकेडमी में एक विशेष परेड का आयोजन किया गया।
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को RAF के जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा,'कई मानवीय कार्यों और संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन के अभियानों में इनकी प्रतिबद्धता ने भारत को गौरवान्वित किया है।'

उपराष्ट्रपति सचिवालय ने नायडू को उद्धृत करते हुए ट्वीट किया, 'मैं रैपिड एक्शन फोर्स की 28वीं वर्षगांठ पर बल के साहसी और समर्पित अधिकारियों, जवानों, उनके परिजनों तथा बल के भूतपूर्व सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। प्राकृतिक आपदा या कानून व्यवस्था की आपात स्थिति में आप ही नागरिकों के लिए आशा की पहली किरण होते हैं।'वर्ष 1992 में CRPF के विशेष फोर्स RAF का गठन किया गया। इस विशेष फोर्स में 15 बटालियन हैं। इसका गठन दंगों जैसी संवेदनशील स्थितियों से निपटने और आंतरिक सुरक्षा के लिए गठित किया गया है। आरएएफ (RAF) काफी कम समय में संकट की स्थिति उत्पन्न होने पर घटनास्थल पर पहुंच जाती है। आम जनता के बीच पहुंच उन्हें सुरक्षा प्रदान करने वाली RAF लोगों के बीच यह विश्वास जगाती है वह उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा मुस्तैद है। इसमें महिला जवानों को भी शामिल किया गया है, जो महिला प्रदर्शनकारियों से निपटती हैं। इस फोर्स के जवानों को संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के लिए भी भेजा जाता है।

## All India Radio News , New Delhi

Oct 07, 2020, 1:23PM

# VP Naidu greets personnel, their families on RAF's 28th Anniversary

Vice President M. Venkaiah Naidu has greeted personnel of the Rapid Action Force on the organization's 28th Raising Day. In a tweet, Mr Naidu said, the impeccable history of the force is laden with courage, excellence and devotion to duty.

The RAF, a specialized force, was raised in October 1992 initially with 10 unattached battalions and increased with five more units on 1st January, 2018. These units were set up to deal with riots and riot-like situations, to instill confidence amongst all sections of society and also, handle internal security duty.

## Dainik jagran, jamshedpur (J.K.D)

# रैफ की 106वीं बटालियन को मिला ई–गवर्नेंस का प्रथम पुरस्कार

**जासं, जमशेदपुर** : ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में द्रुत कार्य बल के 106 बटालियन को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार मिला है। द्रुत कार्य बल के 28वें स्थापना दिवस के मौके पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय 106 बटालियन के द्वितीय कमार अधिकारी विनोद कुमार को ई-गवर्नेंस की ट्रॉफी प्रदान किया। वर्तमान में इस वाहिनी के सारे काम कंप्यूटर के माध्यम से किया जा रहा है। वाहिनी में वर्क फ्राम होम संस्कृति को लागू किया गया है।

द्रुत कार्य बल के समस्त कर्मियों के वेतन, भत्ते व सभी जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध कर ई-गवर्नेंस को अमल में लाया जा रहा है। 28वें स्थापना दिवस के मौके पर भव्य परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक से सात अक्टूबर तक सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का आयोजन



गृह राज्य मंत्री से सम्मान लेते द्वितीय कमान अधिकारी ● जागरण

किया गया। मौके पर फीट इंडिया फ्रीड्म रन, चित्रांकन प्रतियोगिता, गोद लिए गांवों में पौधारोपण, साक्षरता अभियान, सफाई अभियान व खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सात अक्टूबर 1992 को स्थापित द्रुत कार्य बल का स्थापना किया गया था। इस वर्ष 28वां स्थापना दिवस समूह केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, गुरुग्राम, हरियाणा में मनाया गया।

I Next, prayagraj (U.P)

# आरएएफ की 28वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुआ समारोह

**PRAYAGRAJ (7 Oct):** आरएएफ यानी द्रुत कार्य बल का 28वां स्थापना दिवस जोश-उत्साह व शान के साथ मनाया गया. आरएएफ की वार्षिक परेड का आयोजन केरिपुबल अकादमी गुड़गांव के अलावा प्रयागराज बटालियन 101 द्रुत कार्य बल शांतिपुरम भी हुआ. वाहिनी के कमांडेंट आरके निगम ने द्रुत कार्य बल की 28वीं वर्ष गांठ पर कार्मिकों एवं स्थानीय लोगों को बधाई दी. कहा कि 101 द्रुत कार्य बल हमेशा लोगों की सेवा में तत्पर है. सात अक्टूबर 1992 को आरएएफ का गठन किया गया था. उस समय भारत सरकार के पास दंगा अथवा दंगों जैसी स्थिति से निबटने के लिए कोई विशेष बल उपलब्ध नहीं था. बाबरी मस्जिद विध्वंश के बाद सरकार ने दंगा जैसी स्थिति से निबटने के लिए एक विशेष बल का गठन किया था. केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 10 बटालियन को द्रुत कार्य बल आरएएफ के रूप में सात अक्टूबर 1992 को गठन किया गया. 018 में सरकार ने इस बल के उपयोगिता एवं उपलब्धता को देखते हुए पांच अतिरिक्त द्रुत कार्य बल की वाहिनी का गठन किया.

# Photos of 28th RAF Anniversary













**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**